**खबर संक्षेप**

## बिलैया तलैया सब्जी मंडी मार्ग से हटाये अतिक्रमण

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार बुधवार को अतिक्रमण टीम द्वारा शहर के विभिन्न व्यस्त एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्रवाई कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार को जहां एक ओर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण अवैध ठेले - टपरों दुकान सामग्री को हटाकर सार्वजनिक मार्गो का आवागमन सुगम बनाया गया वहीं शाम को बिलैया तलैया सब्जी मंडी में अतिक्रमण टीम द्वारा वृहद कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान स्टेशन रोड मुख्य मार्ग स्थित सब्जी मंडी मोड से कमानिया गेट गली में मिलने वाले मार्ग में स्थानीय व्यवसायियों द्वारा दुकान के बाहर सब्जी रखकर विक्रय करने पर सार्वजनिक मार्ग से सामग्री को अलग कराते हुए आवागमन को सुगम कराया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखी गई तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक मार्ग में कब्जा कर व्यवसाय न करने की सख्त हिदायत दी गई।

## घुमंतू मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया गौशाला

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम की हांका टीम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अभियान के दौरान कोतवाली थाना के समक्ष पोस्ट आफिस कार्यालय के सामने, कचहरी चौराहा, सिविल लाइन, स्टेशन चौराहा,कमानिया गेट हनुमान मंदिर, नदीपार रविदास चौराहा तथा बिलहरी मोड मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान के दौरान सड़कों पर सार्वजनिक मार्ग में विचरण कर आवागमन बाधित कर रहे 23 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों के कारण किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित रूप से कार्रवाई जारी रखी जाए। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहभागिता निभाएं।

## पकड़ा गया सटोरिया

**कटनी।** कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि कटनी रेलवे स्टेशन के पास एक युवक ऑनलाइन सट्टे की मास्टर आईडी के साथ ग्राहकों की तलाश में है। पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और हुलिए के आधार पर संदेही को हिरासत में लिया। युवक की पहचान स्वपनिल अग्रवाल 32 वर्ष के रूप में हुई है।

## शिक्षकों के लिए न्याय का नया सवेरा शीघ्र होगा

**स्लीमनाबाद।** मप्र शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक गत दिनों आयोजित हुई जहाँ बैठक में संगठन के संस्थापक संरक्षक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता सहित पुरानी पेंशन दिए जाने एवं अतिथि शिक्षकों को शासकीय शिक्षक बनाए जाने के निर्णय पर मध्य प्रदेश सरकार के संवेदनहीन रवैए को लेकर कहा कि शिक्षक कांग्रेस अपना संघर्ष पथ की राह बनाए रखे शिक्षकों के लिए न्याय का नया सवेरा अवश्य उदय होगा। संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में जो शिक्षक सत्य एवं न्याय हेतु शिक्षक कांग्रेस संगठन के साथ खड़ा है वह वास्तव में निर्भीक एवं साहसी शिक्षक है। प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने शिक्षकों की जायज मांगों के लिए सतत संघर्षरत रहने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

# सतना रेलवे जंक्शन या ऑटो चालकों का अड्डा? जीआरपी और आरपीएफ की 'मेहरबानी' से यात्री हलाकान

सतना।

पश्चिम मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों में शुमार सतना रेलवे जंक्शन इन दिनों अव्यवस्था और अराजकता का केंद्र बन चुका है। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की नाक के नीचे ऑटो और चार पहिया वाहन चालकों ने स्टेशन को अपनी जागीर बना लिया है। आलम यह है कि नियमों को ठेंगे पर रखकर वाहन चालक यात्रियों का जीना मुहाल कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।




### प्लेटफॉर्म तक घुसपैठ, यात्रियों पर दबाव

स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था में इस कदर सेंध लग चुकी है कि ऑटो और चार पहिया वाहन चालक प्लेटफॉर्म के भीतर तक घुसकर यात्रियों को घेर लेते हैं। यात्रियों को जबरन अपने वाहन में बिठाने के लिए उन पर दबाव बनाया जाता है,जिससे सफर कर के आए थके-हारे यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। 'अतिथि देवो भवः' का नारा यहाँ 'अतिथि लूटो भवः' में तब्दील होता नजर आ रहा है।

### दरवाजे पर ही 'ब्रेक', सर्कुलेटिंग एरिया हुआ जाम

स्टेशन के निकास द्वार और सर्कुलेटिंग एरिया की स्थिति सबसे ज्यादा नारकीय है। ऑटो चालक अपने वाहन सीधे स्टेशन के मुख्य दरवाजे पर ही तिरछे खड़े कर देते हैं। इस मनमानी के कारण आम लोगों और पैदल चलने वाले यात्रियों का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। पूरे सर्कुलेटिंग एरिया में वाहनों का ऐसा मकड़जाल फैला है कि आपात स्थिति में एंबुलेंस का निकलना भी दूभर हो जाए।

### दोपहिया पर 'हंटर', रसूखदारों पर 'मौन'

हैरानी की बात तो यह है कि जीआरपी और आरपीएफ के जवान मुस्तैदी दिखाने के नाम पर केवल गरीब दोपहिया वाहन मालिकों को निशाना बनाते हैं। आम जनता की बाइक में चेन डालना और उनसे जुर्माना वसूलना ही पुलिस की प्राथमिकता रह गई है। वहीं,खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ऑटो और टैक्सी माफियाओं के सामने पुलिस नतमस्तक नजर आती है। ऐसा लगता है कि प्रशासन का खौफ सिर्फ आम आदमी के लिए है,रसूखदार चालकों के लिए तो रेड कार्पेट बिछा हुआ है।

### अधिकारियों की चुप्पी पर उठते सवाल

रेलवे प्रशासन और उच्च अधिकारियों की यह खामोशी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या इन वाहन चालकों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है? जनता परेशान है,रास्ता अवरुद्ध है और स्टेशन का स्वरूप बिगड़ रहा है,लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। अगर जल्द ही इन अनियंत्रित चालकों पर नकेल नहीं कसी गई,तो सतना स्टेशन पर किसी दिन बड़ा हादसा होने से कोई नहीं रोक पाएगा।




## बोर्ड परीक्षाओं के चलते रात 10 बजे के बाद डीजे पर सख्त पाबंदी

सतना।

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस सख्त हो गई है। सीएसपी सभागार में आयोजित मैरिज गार्डन और डीजे संचालकों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि रात 10 बजे के बाद किसी भी स्थिति में लाउडस्पीकर या डीजे नहीं बजाया जाएगा। सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान ने चेतावनी दी कि यदि कोई संचालक नियमों का उल्लंघन करता पाया गया,तो उसके विरुद्ध 'कोलाहल नियंत्रण अधिनियम' के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उपकरण भी जब्त किए जा सकते हैं। बैठक में सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार और कोलगवां एसआई ए.पी. तिवारी ने संचालकों से सहयोग की अपील की ताकि छात्र शांतिपूर्वक परीक्षा की तैयारी कर सकें। सभी मैरिज गार्डन संचालकों को भी इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।




## पेंशन कार्यालय बंद करने के विरोध में पेंशनरों का प्रदर्शन

**सतना।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिला पेंशन कार्यालयों को बंद कर समस्त कार्य भोपाल स्तर पर स्थानांतरित करने के आदेश का कड़ा विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन सतना और विद्युत क्षेत्र रक्षक संघ ने संयुक्त रूप से कलेक्टर के प्रतिनिधि एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनर नेताओं का कहना है कि 1 अप्रैल 2026 से जिला कार्यालय बंद होने से बुजुर्ग पेंशनरों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भोपाल की दौड़ लगानी होगी,जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने एक सूत्रीय मांग रखी है कि जिला स्तर पर पेंशन कार्यालयों को यथावत रखा जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान वाल्मीक शुक्ला,पूरन त्रिपाठी और राजेंद्र खरे सहित सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने किया कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**सतना।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, मनकहरी की लेडीज क्लब द्वारा एक विशेष जागरूकता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जानलेवा कैंसर के प्रति सतर्क करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना था। सत्र के दौरान प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उत्तरा गुप्ता ने ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रारंभिक अवस्था में पहचान ही कैंसर का सबसे प्रभावी इलाज है। डीजीएम देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती रहती है। इस कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती शुभ्रा सिन्हा और मेडिकल विभाग के डॉक्टरों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण का संकल्प लिया।

## भक्ति में डूबने से ही मिलती है मुक्तिः पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**सतना।** आयोजित रुद्र महायज्ञ और हनुमंत कथा के तीसरे दिन बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने जीवन और अध्यात्म के बीच गहरा संबंध बताया। उन्होंने कहा कि पानी में डूबने से मृत्यु निश्चित है, लेकिन यदि मनुष्य भक्ति के सागर में डूब जाए, तो उसकी मुक्ति निश्चित है। यह विचार हमें नश्वर शरीर और अमर आत्मा के बीच के अंतर को समझने की प्रेरणा देता है। शास्त्री जी ने भगवान राम और माता शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि ईश्वर केवल प्रेम के भूखे हैं। चाहे रिश्ता सांसारिक हो या ईश्वर से,पूर्ण समर्पण ही सच्चा प्रेम है। इस अवसर पर देश भर के महा मंडलेश्वर और अखाड़ों के संत मौजूद रहे। शनिवार को यहां एक विशेष 'धर्म संसद' का आयोजन किया जाएगा,जिसमें सनातन धर्म की रक्षा और प्रसार पर चर्चा होगी। इस भव्य आयोजन में प्रतिदिन 1100 ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ और रुद्राभिषेक किया जा रहा है।

## मोदी सरकार का बजट जन कल्याणकारी और आत्मनिर्भर भारत का आधारःअविनाश त्रिपाठी



**सतना।** समाजसेवी एवं युवा नेता अविनाश त्रिपाठी 'सोनू' ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब,किसान,युवाओं और मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है,जो देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करेगा। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बजट को जनविरोधी बताने वाले लोग विकास विरोधी मानसिकता से ग्रसित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह बजट 'सेवा और विकास' की प्राथमिकता को दर्शाता है। इसमें रोजगार,कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधान नए भारत की नींव को और अधिक सशक्त करेंगे।

### रेल मनोरंजन सदन द्वारा 8 फरवरी को निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**सतना।** रेल मनोरंजन सदन और स्टार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 8 फरवरी (रविवार) को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। दोपहर 12:00 बजे से रेलवे ग्राउंड,सतना। इस कैंप का लाभ रेल कर्मचारी,उनके परिवार,आरपीएल प्रतियोगिता के खिलाड़ी और दर्शक उठा सकते हैं। कैंप में विशेषज्ञों द्वारा परामर्श और कुछ जरूरी जांचें पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज ने सभी से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### समाजसेवी रामहित पांडे का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**सतना।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व रामहित पांडे (छींदा महराज) के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। उनके सरल स्वभाव और सेवाभावी व्यक्तित्व के कारण उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है। सामाजिक और धार्मिक जगत के लोगों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से के.के. मिश्रा, कमलेश प्रसाद मिश्रा, शिवप्रसाद तिवारी सहित तिवारी एवं मिश्रा परिवार के सदस्य और अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उनका जीवन सदैव समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव का 8 फरवरी को प्रथम आगमन, भव्य स्वागत की तैयारियाँ पूर्ण



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव आगामी 8 फरवरी को प्रथम बार मैहर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर सेवादल जिलाध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के मार्गदर्शन में मैहर सेवादल परिवार ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री भार्गव प्रातः 5:30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा मैहर स्टेशन पहुँचेंगे। यहाँ कांग्रेसजनों और सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष धर्मेश घई एवं अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में उनका भव्य और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया जाएगा।

### कोठी पुलिस की बड़ी सफलताः 24 घंटे के अंदर अपहृत बालिका को सकुशल बरामद किया

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में कोठी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण के मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। दिनांक 4 फरवरी 2026 को एक नाबालिग बालिका घर से दुकान जाने का कहकर निकली थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर धारा 137(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बालिका को सकुशल दस्तयाब (बरामद) कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सफलता में निरीक्षक संतोष तिवारी,प्रधान आरक्षक देवेंद्र सेन और आरक्षक संतोष धुर्वे की मुख्य भूमिका रही।

## होली पर यात्रियों को राहतः रानी कमलापति और दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सतना।** होली के त्यौहार पर घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने विशेष राहत दी है। रेलवे द्वारा रानी कमलापति (भोपाल) से दानापुर (बिहार) के मध्य 02-02 फेरे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोचों के साथ संचालित होगी, जिससे त्यौहार के दौरान वेटिंग लिस्ट से जूझ रहे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### ट्रेन की समय सारणी

गाड़ी संख्या 01667 (रानी कमलापति-दानापुर): यह ट्रेन 27 फरवरी और 02 मार्च 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे रवाना होगी। शाम 19:30 बजे जबलपुर पहुँचकर यह अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01668 (दानापुर-रानी कमलापति): वापसी में यह ट्रेन 28 फरवरी और 03 मार्च 2026 को दानापुर से सुबह 11:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन तड़के 03:50 बजे जबलपुर पहुँचते हुए सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।यह स्पेशल ट्रेन अपने मार्ग में दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर,सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। रेल प्रशासन के अनुसार, इन ट्रेनों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यात्री आईआरसी टीसी की आधिकारिक वेबसाइट या किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र से टिकट बुक कर सकते हैं। त्यौहार के समय सीटों की मारामारी को देखते हुए यात्रियों को जल्द आरक्षण कराने की सलाह दी गई है।

## पुलिस ने किया अपहरण और लूट गिरोह का पर्दाफाश

सतना

सिटी कोतवाली पुलिस ने राहगीरों का अपहरण कर लूटपाट करने वाले एक शातिर गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला 6 फरवरी का है, जब प्रफुल्ल श्रीवास्तव नामक युवक का रेलवे स्टेशन जाते समय ऑटो सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। आरोपियों ने उसे डरा-धमकाकर मोबाइल छीना और जबरन पिन कोड लेकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाए। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पियूष कुशवाहा, अंकित द्विवेदी, दीपाली बागरी और दिशा वर्मन को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त ऑटो, लूटा गया मोबाइल और नकदी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में दो युवतियां भी शामिल हैं। न्यायालय ने सभी आरोपियों को केंद्रीय जेल सतना भेज दिया है। इस सफलता में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रेलवे प्रीमियर लीगः लोको टीम ने स्टेशन 11 को 7 विकेट से दी करारी शिकस्त

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज लोको और स्टेशन 11 के बीच मुकाबला खेला गया। स्टेशन 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाए। टीम की ओर से कुमार वैभव (36), राजेंद्र शर्मा (26) और आलोक (20) ने मुख्य योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोको 11 ने मात्र 9 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। आशुतोष ने 32 और गौतम बिंद ने 30 रनों की पारी खेली। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (30 रन और 1 विकेट) के लिए गौतम बिंद को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मैच के दौरान भारी संख्या में रेलकर्मी और क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए जानकारी देकर सजग रहने दी समझाइश, नशे से दूरी बनाने संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा ग्राम-ग्राम तक पुलिस ग्राम चौपाल एवं पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है।

ग्राम चौपालों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करना, अपराधों की रोकथाम करना तथा नागरिकों को सुरक्षा, कानून एवं सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना है। चौपालों के दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों का पालन, नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे लगवाने (सजग दृष्टि योजना) तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से त्वरित सूचना आदान-प्रदान की जानकारी दी जा रही है।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए वार्डों में फॉगिंग अभियान

**कटनी।** नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर आयोजित फागिंग अभियान के तहत फॉगिंग अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार को बिरसा मुंडा वार्ड एवं लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में क्षेत्रीय दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों एवं घनी बस्तियों में फागिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की जाकर मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये गए।

### मीटर रीडर्स का शोषण बंद करे सरकारः डॉ. अमित सिंह

**सतना।** आल डिपार्टमेंट आऊट सोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बिजली कंपनियों पर मीटर रीडर्स के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सतना, रीवा और अन्य जिलों में दशकों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को हटाकर उनके स्थान पर पैसे लेकर नई भर्तियां की जा रही हैं, जो एक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। डॉ. सिंह ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे 'सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार' करार दिया। उन्होंने कहा कि 20-25 वर्षों तक विभाग की सेवा करने वाले इन कर्मचारियों को अब बंधुआ मजदूर की तरह हटाकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों द्वारा टार्गेट का अनैतिक दबाव और मनमाने टर्मिनेशन किए जा रहे हैं। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि हटाए गए सभी मीटर रीडर्स को तत्काल बहाल किया जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### मुराछ में विराट हिंदू सम्मेलन सम्पन्न



**पवई।** पवई क्षेत्र में मां मरही देवी प्रांगण मुराछ में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में संत वक्त के रूप में डॉ.हरकेश बाढोलिया जी द्वारा हिंदू एकता व सामाजिक समरसता को लेकर प्रेरणादायी वक्तव्य दिए, महिला वक्त के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह भदोरिया जी द्वारा पर्यावरण एवं कुटुंब प्रबोधन की जीवन में महत्वता से सभी को अवगत कराया एवं मुख्य वक्ता श्रीमान आशीष खरे जी द्वारा हिंदू एकता और सामाजिक को संगठित रहने का संदेश दिया सम्मेलन में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### शहपुरा में विश्व हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत शहपुरा में विश्व हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने सनातन संस्कृति, हिंदू समाज की एकता, संस्कारों की रक्षा तथा सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं से धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला शक्ति की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन एवं प्रेरक उद्बोधन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अंत में समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# केन-बेतवा विस्थापितों की सैकड़ों आदिवासी महिलाओं ने मुख्य बांध पर प्रदर्शन कर रूकवाया निर्माण कार्य, प्रशासन पर मनमानी का आरोप





**पन्ना।** बुन्देलखण्ड में खुषहाली लाने के लिए केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर भले ही प्रगति पथ के आयाम की दिषा बताई जाये पर वास्तविकता में ढ़ोढ़न बांध के निर्माण स्थल पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर जोरदार प्रदर्षन किया। आदिवासी समुदाय से महिलायें विषेषतौर पर बताई जा रही हैं महिलाओं ने प्रषासन पर कानून का पालन न करने का आरोप लगाते हुए बांध के निर्माण कार्य को रूकवाया। बिना वास्तविक ग्रामसभा की सहमति व कानून की खुलेआम अनदेखी किये जाने का आरोप फर्जी ग्राम सभायें का आरोप, वास्तविक विस्थानों की आवाज को दबाये जाने का आरोप वहीं आदिवासी महिलायें का कहना जब भी शांतिपूर्ण तरीके से अपने संवैधानिक अधिकारों व कानून के पालन की मांग करती है तो उनके विरोध प्रदर्षनों पर लाठी चार्ज कराया जाता है। समाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने सोषल मीडिया में बया किया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना में प्रषासन पूरी तरह मनमानी पर उतारू है। आदिवासियों के अधिकारों लगातार अनदेखी की जा रही है। वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं हो रहा। विस्थापितों को न्याय नहीं मिल रहा। वहीं जब तक विस्थापतों को न्याय नहीं मिलता तब तक यह संघर्ष शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। इस तरह से समाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर लगातार अपनी आवाज आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संघर्षरत है केन-बेतवां लिंक परियोजना के निर्माण में नियमानुसार जहां ग्रामसभाओं के वास्तविकता कोा लेकर सवाल खड़े हो रहे है। ग्रामसभायें ग्रामों में सही तरीके से नहीं कराई गई यह आरोप लगाया जा रहा है। अब इसके पीछे प्रषासन कब सच्चाई को लेकर पर्दाफास करेगा यहां यह कुछ कह पाना कठिन है वहीं बुन्देलखण्ड की खुषिहाली के लिए जहां इस परियोजना को लेकर दावे किये जा रहे है वहीं डेम के निर्माण में विरोध को लेकर आदिवासी महिलायें संघर्षरत है।

# गौचर भूमि व शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराने कब प्रशासन की कार्यवाही जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर कारगर होगी?



**पन्ना।** कई बार अभियान के रूप में दावे किये जा चुके है कि गौचर भूमि मुक्त कराये जाने को लेकर अतिक्रमणकारियों से वहीं शासकीय भूमि में किस तरह से अतिक्रमणकारी अपना हक जमा लेते है कई वर्ष बीत जाने के बाद दावे होने लगते है हक को लेकर वहीं प्रषासन की कार्यप्रणाली के चलते ये अतिक्रमण फलते-फूलते है सायद है किसी पटवारी हल्का में यह दास्ता निर्मित न हो जहां गौचर भूमि व शासकीय भूमि अतिक्रमणकारी की चपेट में बची हो। इतना ही नहीं दावे भले ही किये जाये गौचर भूमि को मुक्त कराये जाने को लेकर पर वास्तविकता में गौचर भूमि गांवों में सायद ही अब बच पाई हो अतिक्रमण से वहीं शासकीय भूमि में भी अतिक्रमणकारी सतत कब्जा जमाये रहते हैं अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्यवाही आखिरकार कौन करेगा। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि हल्का पटवारी कभी भी अतिक्रमण हटाने को लेकर शासन तक वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यवाही की दिषा नहीं देते। क्योंकि अतिक्रमणकारियों से ही कही न कहीं पटवारियों के लिए यह एक लाभ का कार्य माना जाता हैं अतिक्रमण के बाद कब्जा का अधिकार बताकर पट्टे की मांग को लेकर सायद यह न्याय माना जाता है जबकि गौचर भूमि जो कई बार अतिक्रमण से मुक्त कराये जाने से लेकर अभियान की दिषा भले ही कागजो में चली पर वास्तविकता में यह क्रियान्वयन सायद ही कहीं कारगर साबित हुआ हो। परिणाम किसी गांव में गौचर भूमि अब नहीं रहने के हालात बन चुके हैं वहीं शासकीय भूमि भी अब बिना अतिक्रमण के नहीं मानी जा रही। क्योंकि जमीन पर कब्जा अतिक्रमणकारियों का अधिकार बन चुका है आखिर प्रषासन जहां हल्का पटवारियों को भले ही जिम्मेदारी के रूप में हल्के में पदस्थ किये हो पर वास्तविकता में यदाकदा हल्को में पहुंचना माना जाता है। वह भी जब कोई किसान पटवारियों को अपने निजी हितों को ध्यान में रखकर बुलाते है तभी पटवारी हल्के में पहुंचते है बाखूबी गौचर भूमि हो या शासकीय भूमि अतिक्रमण फलता-फूलता रहता है। जिम्मेदार अंजान बने रहते है। नतीजा शासकीय सम्पत्ति जो अचल सम्पत्ति के रूप में जमीन प्रमुख मानी जाती है इस पर कब्जा अतिक्रमणकारियों का सतत बढ़ता जा रहा है। वहीं बेखौप रूप से शासकीय जमीन पर जन्मसिद्ध अधिकार मानकर कब्जे को प्रमुखता मानते हुए अतिक्रमणकारी शासकीय भूमि हो या गौचर भूमि कब्जा करने से बाज नहीं आतें आखिर कब प्रषासन गौचर भूमि व शासकीय भूमि को जमीनी स्तर से हर गांव में अभियान चलाकर मुक्त करायेगी।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में 6 से 8 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया इस तीन दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में तरुण पाठक जी एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश प्रताप सिंह , संजीव खरे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया और श्रीमती ललिता प्रजापति जी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तत्पश्चात मुख्य अतिथि जी द्वारा अपने संबोधन में समावेश के संदर्भ में विविध शिक्षार्थियों के लिए शिक्षा का परिचय और दिव्यांगता के प्रति परिवार समुदाय के लोगों को जागरूकता के बारे में बताया गया एवं रिसोर्स पर्सन नीलेश कुमार ने छात्रों को समावेशी समाज की दृष्टि के उद्देश्य और महत्व को पीपीटी के माध्यम से व्याख्या दी गई एवं रिसोर्स पर्सन अनिरुद्ध सिंह जी द्वारा समावेशी शिक्षा के सिद्धांत और अभ्यास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और रिसोर्स पर्सन सुश्री प्रतिभा वर्मा जी द्वारा दिव्यांग छात्रों के लिए समावेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियां और कानून के बारे में विस्तार से पीपीटी के माध्यम से बताया गया एवं उक्त कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ललिता प्रजापति जी द्वारा किया गया कार्यशाला में महाविद्यालय स्टाफ एवं कार्यक्रम के सहभागीगण उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस द्वारा लुटेरी दुल्हन गैंग का किया गया पर्दाफाश



### शादी के नाम पर 1.60 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना सिमरिया पुलिस द्वारा एक सुनियोजित “लुटेरी दुल्हन गैंग” के विरुद्ध प्रभावी एवं सराहनीय कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अनंतराम चौरसिया, निवासी मोहन्दा, थाना सिमरिया द्वारा दिनांक 04.02.2026 को थाना सिमरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उसे शादी कराने का झांसा देकर उससे 1,60,000/- की राशि ठगीपूर्वक प्राप्त की गई। आरोपियों द्वारा फरियादी की शादी बांदकपुर मंदिर में एक युवती से कराई गई, किंतु शादी के कुछ ही समय बाद उक्त युवती, शादी में प्राप्त सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान लेकर फरार हो गई, फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया में अपराध क्रमांक 010/26, धारा 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना सिमरिया पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित एवं सटीक कार्रवाई करते हुए इस संगठित ठगी गिरोह में शामिल दो, गुड्डु गौतम, निवासी करिया एवं सुदामा प्रसाद तिवारी, निवासी करिया, थाना सिमरिया को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों एवं फरार महिला आरोपी की तलाश लगातार जारी है। पुलिस द्वारा गिरोह की गतिविधियों, अन्य संभावित पीड़ितों तथा पूर्व में की गई इसी प्रकार की ठगी की घटनाओं की विस्तृत जांच की जा रही है। शीघ्र ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

**नाम पता आरोपी -**

01. गुड्डु गौतम, निवासी करिया थाना सिमरिया
02. सुदामा प्रसाद तिवारी, निवासी करिया, थाना सिमरिया

जप्ती-

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 20,000/- नगद राशि को जप्त किया गया है।

**सराहनीय भूमिका -**

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सिमरिया निरी0 जे पी घोषी, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा दीपक भदौरिया प्रधान आरक्षक ईद-उल-बक्स एवं आरक्षक राहुल पटेल एवं सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# हृदयविदारक हादसा: घर में भड़की आग से वृद्धा जिंदा जली ठण्ड से बचाव के लिए जलाई आग बनी मौत का कारण





### पन्ना जिले के गुनौर थाना अंतर्गत पड़ेरी ग्राम की घटना

### पति ने आग की लपटों से निकलकर बचाई जान, अस्पताल में भर्ती

**अग्निकांड को लेकर ग्रामीणों में संदेह, सभी पहलुओं की जांच में जुटी पुलिस**

**पन्ना।** जिले के गुनौर थाना के समीपी गांव पड़ेरी में बीती रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया। खेत में बने कच्चे घर में अचानक आग लगने से 75 वर्षीय वृद्ध महिला श्याम बाई की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि उनके पति गोरेलाल प्रजापति आग की लपटों से घिरे घर से बाहर निकलकर किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। हालांकि आग की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय वृद्ध दंपती घर के अंदर सो रहे थे। थाना प्रभारी गुनौर माधवी अग्निहोत्री ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए कमरे के भीतर आग जलाई गई थी। देर रात दोनों की आंख लग गई और संभवतः उसी दौरान आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज लपटों में घिरी वृद्ध महिला बाहर नहीं निकल सकीं और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आग लगते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल चुकी थी। सूचना मिलने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिससे आग पर काबू पाने में देर हुई और बड़ा दुखद हादसा हो गया। घटना की सूचना पर गुनौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। वहीं गांव में कुछ लोग इस दर्दनाक हादसे को संदेहास्पद भी मान रहे हैं, जिसे लेकर पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। इस घटना के बाद पूरे गांव सहित अंचल में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फायर ब्रिगेड की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में परीक्षा पे चर्चा 2026 का सीधा प्रसारण

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया छात्रों का मार्गदर्शन



**पन्ना। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रमदृ2026 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज दिनांक 06 फरवरी 2026 को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने प्रेरणादायी संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और परीक्षा से जुड़े तनाव को सकारात्मक सोच के साथ दूर करने का मार्गदर्शन किया।** उन्होंने कहा कि परीक्षाएं डराने के लिए नहीं होतीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होती हैं। छात्रों को अपनी क्षमता और अपने तरीके पर भरोसा रखने की सलाह दी गई। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री जी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सही और सकारात्मक उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई को शॉर्टकट के रूप में नहीं, बल्कि सीखने के सहायक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए। एआई की मदद से विषयों को बेहतर समझा जा सकता है, संदेह दूर किए जा सकते हैं और नई जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती हैं, लेकिन स्वयं की सोच और मेहनत सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई सोचने का विकल्प नहीं, बल्कि सोच को और बेहतर बनाने का साधन है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि तकनीक का उद्देश्य छात्रों को सशक्त बनाना है, न कि उन्हें आलसी बनाना। सही दिशा में उपयोग करने से एआई पढ़ाई को रोचक, सरल और प्रभावी बना सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने यह भी कहा कि हर छात्र अलग होता है और उसकी क्षमताएँ भी अलग होती हैं, इसलिए आपसी तुलना से बचना चाहिए। सकारात्मक और सक्रिय मन ही तनाव से निपटने का सबसे बड़ा उपाय है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं, बल्कि आनंद का माध्यम होनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उन्हें समझें, प्रोत्साहित करें और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएं। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को परीक्षा को सहजता, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ देखने की नई प्रेरणा दी।

# सामाजिक सुरक्षा, परिवार को बड़ा संबल


### सामाजिक सुरक्षा शिविर में 65 सदस्यो को मिला लाभ



**पन्ना।** सामाजिक सुरक्षा ग्रमीण परिवार के लिये बहुत बड़ा सबंल है। जब परिवार में कोई समस्या आती है उसम समय उसको वही योजना से लाभ मिल जाये तो उसका आर्थिक भार नही पड़ता है। स्वंय सेवी सस्था समर्थन रिलांयस फाउन्डेसन के सहयोग से ग्राम पंचायत के साथ मिलकर शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर में कियोस्क मनेजर अर्जुन कुशवाहा, गांव की आजिविका मिशन सीआरपी किसान सखी ललिता कुशवाहा, हुरेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा एवं उमेंश विश्कर्मा विस्तार कार्यकर्ता ने सहयोग किया। कल्याणकारी योजना का मिला लाभ। आयुष्मान कार्ड, आभाकार्ड, ईश्रम कार्ड,संबल कार्ड, ईकेवायसी के आवेदन किये गये एवं वही पर त्वरित प्रमाण पत्र भी प्रिन्ट दिये गये। शिविर में लगभग 100 से उपर लोग आये जिसमें 65 लोगो के कार्य पूर्ण किये गये। समर्थन पन्ना एवं अजयगढ़ में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता शिविर के साथ साथ आंनलाईन सेवाओ को भी लोगो को प्रदाय कर रहा है जो लोग शहर एवं कियोस्क में नही जा पा रहे या आनलाईन कोई समस्या है उनको भी अनुभवी कियोस्क मनेजर से लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय प्रोजेक्ट कोर्डीनेटर दिवाकर बागरी कर रहे है।

**खबर संक्षेप**

## मिट्टी से निकले सोने के सिक्कों का मामला, एसपी से जांच व जप्ती की मांग



**छतरपुर**। बसंत पंचमी कार्यक्रम के दौरान स्वर्गेश्वर मेला मार्ग पर समतलीकरण के लिए डलवाई गई मिट्टी से सोने के सिक्के और बिस्किटें मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शुक्रवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर सोने के सिक्कों को जप्त कर शासकीय खजाने में जमा कराने की मांग की गई। आवेदनकर्ता के अनुसार 23 जनवरी 2026 को ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी डलवाई गई थी। 28 जनवरी को बारिश के बाद लक्ष्मी घोसी के घर के पास खुदी नाली में मिट्टी घुलने पर सिक्के दिखाई दिए। बताया गया कि मौके पर मौजूद लोगों ने कथित तौर पर गड्ढे की खुदाई कर सोने के सिक्के, बिस्किटें तथा पुराने आभूषण निकाल लिए। अलग-अलग व्यक्तियों के पास अलग मात्रा में सिक्के और जेवरात होने का दावा किया गया है। आवेदन में राजगढ़ सरपंच रमेश प्रसाद बिरला ने आरोप लगाया गया है कि सूचना देने के बावजूद सिक्कों की समुचित जप्ती नहीं हुई और मामले में पुलिस की मिलीभगत की आशंका जताई गई है। आवेदक ने मांग की है कि स्वतंत्र जांच समिति गठित कर सभी सिक्कों व जेवरात की बरामदगी कराई जाए और उन्हें शासकीय संपत्ति मानते हुए राजकोष में जमा कराया जाए।

## मत्स्य समिति के तालाब पर दबंगई का आरोप

# भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अशीष रैकवार ने दलित के साथ की मारपीट एसपी ने लिया संज्ञान, अनेक धाराओं में मामला दर्ज



**छतरपुर**। जिले के बिजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार तालाब के पास भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशीष रैकवार ने छन्नूलाल अहिरवार के साथ सरेआम मारपीट की और अपने ही आदमियों से वीडियो बनवाया। जिसे किसी ने सोशल मीडिया में तेजी से बायरल कर दिया। सोशल मीडिया में मारपीट का यह बीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लिया और बिजावर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। जानकारी के अनुसार जो बीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ उसमें मारपीट करने वाला अशीष रैकवार अपने आप को भाजपा मछुआ प्रकोष्ट का अध्यक्ष बता रहा है। जिस छन्नू अहिरवार पिता भिम्मा अहिरवार के साथ मारपीट की गई वह ग्राम एरौरा थाना बिजावर का रहने बाला है। पीड़ित दलित युवक के पिता पठार तालाब की मछुआ समिति के अध्यक्ष है और आशीष रैकवार इसी तालाब से जबरन मछली का शिकार कराते थे, मारपीट के साथ साथ गाली गलौज भी छन्नू लाल के साथ की गई। घटना के बाद पीड़ित दलित व्यक्ति भयभीत हो गया और थाने रिपोर्ट दर्ज कराने नही जा सका, लेकिन जब बीडियो सुर्खियों में आया और प्रतिक्रियाएं होने लगी और मामला पुलिस अधीक्षक के संज्ञान मे आया तो उन्होंने मामला दर्ज करवा दिया। बिजावर थाने में आशीष रैकवार सहित 2 अज्ञात के विरूद्व धारा 296 (वी)115 (2) 351 (3),3(5)बीएनएस 3 (1) द, 3 (1) घ, 3(2) (व्हीए) एससीएसटीएक्ट का मामला पंजीबद्व किया गया है। रिपोर्ट में बताया है कि आशीष रैकवार और उसके दो साथियों को पठार तालाब से मछली पकडऩे से मना किया तो उन्होंने मारपीट करते हुए गाली गलौज की। जबकि जटाशंकर हरिजन समिति के नाम से तालाब में मछली पकडऩे का पट्टा है उनकी समिति तालाब में बीज डालती है। यह तालाब एरौरा समिति का है। 21 जनवरी को भी खबर मिली थी कि कुछ लोग पठार तालाब पर मछली पकड़ रहें है। इस मामले को लेकर दलित समाज में रोष व्याप्त है घटना को लेकर एक प्रतिनिधि मडंल आज पुलिस अधीक्षक से भी मिला।

## आज से 1 माह तक होगे गेहूँ खरीदी के लिए पंजीयन

**अपील :** जिले कि 100 समितियों के अलावा कॉमन सर्विस सेंटर, क्योिस्क, एमपी आनॅलाईन क्योिस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं साईवर कैफे पर भी किसान अपनी सुविधा अनुसार पंजीयन करा सकते




**छतरपुर**। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए आज 7 फरवरी से समिति स्तर पर पंजीयन प्रारंभ होगा और यह पंजीयन 7 मार्च तक चलेगा। समर्थन मूल्य में गेहूँ खरीदी के लिए पंजीयन कराने हेतु जिले में 100 सहकारी समितियों में पंजीयन केन्द्रों की स्थापना की गई है। पंजीयन केन्द्रो में किसानों को पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे उन्हें किसी प्रकार परेशान न होना पड़े। पंजीयन प्रक्रिया के दौरान किसानो के आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर समयबद्व रूप से पंजीयन किया जाएगा। समितियों के अलावा जिले के कॉमन सर्विस सेंटर, क्योिस्क, एमपी आनॅलाईन क्योिस्क,लोक सेवा केन्द्र एवं साईवर कैफे पर भी किसान अपनी सुविधा अनुसार पंजीयन करा सकतें है।

अधिकतर इसके पहले के सालों में देखा जाता रहा है कि समिति प्रबंधक कुछ दलाल लोगों से मिलकर फर्जी पंजीयन करते थे। फर्जी पंजीयन का मतलब है कि जो गिरदावली पटवारी द्वारा की जाती थी उसको नजर अंदाज करके गेहूँ का रकवा मनमाना दर्शाया जाता था। इसके अलावा चना, मसूंर का रकवा भी अपने मन से पंजीयन के दौरान दर्शा दिया जाता था। जिससे समिति प्रबंधकों को खरीदी के दौरान फर्जी किसानों के पंजीयन पर व्यापारी अपना माल आसानी से डाल सकें। जिले में पटवारियों द्वारा गिरदावली भी फर्जी चढ़ाई जाती है, जो कि जांच का विषय है।



## शिव विवाह अंतर्गत मंडप, पंगत व्यवस्था हेतु विशेष बैठक हुई आयोजित

**खजुराहो**। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा 13 फरवरी 2026 शुक्रवार को शिव विवाह के अंतर्गत आयोजित मंडप तथा पंगत की व्यवस्था से संबंधित एक विशेष बैठक नप अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी की अध्यक्षता में नगर परिषद खजुराहो के सभागार में संपन्न हुई। नप सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने बैठक में सभी व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस बार शिव विवाह के मंडप की पंगत में 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना को देखते हुए इंतजाम करने होंगे, जिसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी प्रमुखता से निभानी पड़ेगी। बैठक में नगर के प्रसिद्ध बद्री सेठ भोज के सोमप्रकाश सुम्मी अग्रवाल को पिछले वर्षो की तरह प्रसाद बनाने हेतु अधिकृत किया गया, साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। गौरतलब है कि पिछले वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व पर नगर परिषद द्वारा जनसहयोग से विवाह के सभी नेंग पारंपरिक रूप से होने लगे हैं, शिवभक्त भी इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# छतरपुर जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**छतरपुर**। जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, ओपीडी में डॉक्टरों की उपस्थिति तथा अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि आज जिला अस्पताल का अचानक दौरा किया गया। ओपीडी में संबंधित डॉक्टरों की मौजूदगी चेक की गई। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी गहन अवलोकन किया। ब्लड बैंक की जांच भी की गई। इसके अलावा अस्पताल परिसर में हाल ही में बनी नई बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। नई बिल्डिंग में अभी कुछ अधोसंरचनात्मक कार्य बाकी हैं, जिन्हें जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि डेढ़ से दो महीने के अंदर सभी आवश्यक कार्य पूरे कर नई बिल्डिंग को हैंडओवर किया जाए और इसे चालू कर दिया जाए।

# छतरपुर में साइलेंट अटैक से 20 वर्षीय युवक की मौत

**छतरपुर**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कुल चौक, सीताराम मिष्ठान के बगल में रहने वाले राकेश उर्फ बल्लू जैन के इकलौते 20 वर्षीय पुत्र पार्श उर्फ केशु जैन की शुक्रवार सुबह संदिग्ध साइलेंट अटैक से अचानक मौत हो गई। इस दुखद घटना से परिवार, स्थानीय व्यापारी वर्ग और जैन समाज में गहरा शोक छा गया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर पर नाश्ता करते समय केशु जैन को अचानक सीने और पेट में तेज दर्द उठा। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन डीसी प्लाजा के समीप ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।



अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों और आसपास के व्यापारियों ने बताया कि केशु अपनी मां के साथ मोनिका मैचिंग दुकान पर बैठता था और साथ ही कॉलेज में पढ़ाई भी जारी रखे हुए था। वह स्वस्थ और ऊर्जावान युवक था, इसलिए उसकी अचानक मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। लोग इसे साइलेंट अटैक से हुई मौत बता रहे हैं।

परिवार के सदस्यों और कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोविड महामारी के दौरान लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हाल के वर्षों में युवाओं में हार्ट अटैक और साइलेंट अटैक जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। वे इस मामले की गहन जांच की मांग कर रहे हैं ताकि मौत का सही कारण सामने आ सके और ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## हाईवे और सड़क किनारे लगने वाले बाजारों का शिफ्टिंग कार्य शुरू

**छतरपुर**। नगर पालिका द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और हाईवे तथा प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से हाईवे एवं सड़क किनारे लगने वाले सभी बाजारों को वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट करने का अभियान तेज कर दिया गया है। इस क्रम में शुक्रवार को पुलिस लाइन रोड पर लगने वाला शुक्रवारी बाजार होमगार्ड मैदान सटई रोड पर स्थानांतरित कराया जा रहा है। इसी के साथ नपा द्वारा अलाउंस कराकर भी विक्रेताओं को समझाइश दी जा रही है। नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि सोमवार को भी इसी स्थान पर लगने वाले बाजार को होमगार्ड कार्यालय के मैदान में ही शिफ्ट किया जाएगा। इसी तरह मंगलवार को पठापुर रोड पर लगने वाला बाजार पटैरिया पार्क में लगाया जाएगा। महोबा रोड पर लगने वाला सब्जी बाजार कृषि कार्यालय के मैदान में स्थानांतरित किया जाएगा। संकट मोचन के पास सड़क पर लगने वाले बाजार को सिंघाड़ी नदी के पास शिफ्ट करने की व्यवस्था की गई है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने सभी सब्जी, फल एवं अन्य विक्रेताओं से अपील की है कि वे नगर पालिका द्वारा उनके लिए सुनिश्चित किए गए निर्धारित स्थानों पर ही अपनी दुकानें या ठेले लगाएं। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, दुर्घटनाओं का खतरा घटेगा और शहर की सुंदरता भी बनी रहेगी।

## बच्चे परीक्षा का स्ट्रेस न लें, एक दिन पहले माइंड फ्रेश रखें: कलेक्टर

कलेक्टर ने बच्चों से गणित के सवाल हल कराए, तैयारियों को परखा



**छतरपुर**। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सांदीपनि विद्यालय छतरपुर में विद्यार्थियों के साथ सुना एवं विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री जैसवाल ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से गणित सहित अन्य विषयों के प्रश्न हल करवाकर उनकी तैयारियों को परखा। कलेक्टर ने स्वयं बोर्ड पर प्रश्न लिखे, जिन्हें विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक हल किया। विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी पर कलेक्टर द्वारा प्रशंसा की गई तथा परीक्षा से संबंधित उपयोगी टिप्स भी दिए गए। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएं एवं उनके डाउट समय पर क्लियर करें। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा को लेकर तनाव न लें और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने परीक्षा से एक दिन पहले माइंड फ्रेश रखने, माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद लेने की बात कही।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को परीक्षा में ले जाने वाली आवश्यक सामग्री जैसे प्रवेश पत्र, पेन-पेंसिल एवं पानी की बोतल एक दिन पहले ही तैयार रखने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों से उनकी दिनचर्या एवं परीक्षा की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की तैयारी संतोषजनक प्रतीत हो रही है, जिसका लाभ अच्छे परीक्षा परिणाम के रूप में अवश्य मिलेगा।

## कलश यात्रा के साथ सप्तम कन्या विवाह महोत्सव शुरू

# 12 फरवरी को होगा सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ

**छतरपुर**। संतों की तपोभूमि बागेश्वर धाम में जिसका हमें पूरे साल इंतजार रहता है वह समय धीरे-धीरे आता जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर देश ही नहीं देश से बाहर की बेटियों को भी विवाह बंधन में बांधने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम कलश यात्रा के साथ कन्या विवाह महा महोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो गई। एक सप्ताह तक श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रमों के क्रम में आगामी 12 फरवरी का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस दिन सुबह से लेकर देर रात तक धार्मिक आयोजनों की झड़ी लग जाएगी। एक साथ सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ करने का बागेश्वर धाम में रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस रिकॉर्ड में देश के 6 राज्यों के 200 सुंदरकांड मंडलों के सदस्य भागीदार होंगे। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से सात दिनों तक श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन कथा श्रवण करने का अवसर भी यहां आने वाले धर्म प्रेमियों को मिलने वाला है। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ कथा की शुरुआत हुई। धाम के सदस्य नीलेश गर्ग ने बताया कि बागेश्वर बालाजी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा शुरू हुई जो गांव के सभी देवी देवताओं के मंदिरों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। महिलाएं सिर पर कलश रखकर उत्साह के साथ भगवत भजन करती हुई चल रही थी। ढोल, नगाड़े, डीजे की धुन पर उत्साही भक्त नृत्य भी करते रहे।



### देश के 6 राज्यों के 200 जिलों से बागेश्वर धाम आएंगे सुंदरकांड मंडल -

बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल केंद्रीय समिति के सदस्य सुंदरलाल रैकवार ने बताया कि 12 फरवरी को सुबह 7 बजे से हनुमान चालीसा पाठ की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से होगी। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 9000 पंजीयन हो चुके हैं। 6 राज्यों के 200 जिलों में सुंदरकांड मंडलों का गठन हुआ है। सभी मंडलों से सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। एक अन्य सदस्य ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि 11 हजार सदस्यों का पंजीयन होने पर प्रत्येक सदस्य को 10 पाठ करने होंगे। यदि संख्या बढ़ती है तो उसी आधार पर हनुमान चालीसा पाठ का योग होगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरुष सदस्यों को अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं केंद्रीय समिति के धीरज शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मऊ से एक टीम धाम आ चुकी है। बागेश्वर महाराज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मऊ की टीम सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में विशेष सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि इस पूरे आयोजन में चार से पांच घंटे का वक्त लगेगा। आयोजन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। बनारस से आए विद्वान ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में हवन पूजन होगा।



# सिंचित भूमि को असिंचित बताकर कम मुआवजा

ग्रामीणों में भारी रोष, एसडीएम पर गंभीर इल्ज़ाम, निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर। एनएचएआई परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में बड़ा विवाद सामने आया है। ग्राम चौका के किसानों ने आरोप लगाया है कि उनकी वर्षों से सिंचित चल रही कृषि भूमि को प्रशासन ने जानबूझकर असिंचित श्रेणी में दिखाकर कम दर पर मुआवजा दिया गया। इस कथित अनियमितता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे इसे स्पष्ट अन्याय बता रहे हैं।**

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन पर नियमित सिंचाई सुविधा उपलब्ध है, ट्यूबवेल और नहर से पानी मिलता रहा है, फिर भी राजस्व रिकॉर्ड में इसे असिंचित दर्शाया गया। इससे मुआवजे की राशि काफी कम हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

भूस्वामी आकाश चौहान ने विशेष रूप से एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा खसरा नंबर 143 एवं 1688 को असिंचित श्रेणी में दिखाकर मुआवजा दिया गया, जबकि यह पूरी तरह सिंचित है। मुआवजा निर्धारण में नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। हमने आपत्तियां दर्ज कराईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सिंचित श्रेणी के अनुसार उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने डीलरशिप मोड में ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को किया रवाना



**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल ने डीलरशिप मोड के अंतर्गत ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को रवाना कर एक महत्वपूर्ण सतत सस्टेनबिलिटी उपलब्धि हासिल की। यह ऐतिहासिक पहल श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) के नेतृत्व में श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं एडीएम), श्री सतेंद्र सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन) तथा सुश्री रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। यह पहल फ्लाई ऐश के प्रभावी उपयोग, सर्कुलर इकोनॉमी को सशक्त करने तथा डीलरशिप आधारित विपणन प्रणाली के माध्यम से बाजार पहुँच को विस्तारित करने की दिशा में मील का पत्थर है। इस पहल को सफल बनाने में सीसी-ओएस टीम के उत्कृष्ट सहयोग और समन्वय की विशेष सराहना की गई।

# हिंडालको - महान की सीएसआर पहल: बाघबुड़वा स्कूल के 130 बच्चों को स्वेटर व शैक्षणिक किट वितरण, मानसी महिला मंडल बनी सहभागिता की मिसाल

ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए हिंडालको - महान द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बघबुड़वा में स्वेटर एवं शैक्षणिक किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल से विद्यालय के 130 विद्यार्थियों को सीधे लाभ मिला।



शीत ऋतु के मद्देनज़र विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर उपलब्ध कराए गए, वहीं कॉपी, पेन, पेंसिल एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री से युक्त शिक्षा किट प्रदान कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा किया गया। इस सहयोग से बच्चों को ठंड से सुरक्षा मिलने के साथ-साथ पढ़ाई में निरंतरता और उत्साह बनाए रखने में मदद मिलेगी।

**हिंडालको** – महान की मानसी महिला मंडल की सक्रिय सहभागिता। मंडल की सदस्यों ने स्वयंसेवक के रूप में सामग्री वितरण, व्यवस्था संचालन और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी भागीदारी ने महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहयोग की एक प्रेरक मिसाल पेश की। इस अवसर पर मानसी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि "शिक्षा सामाजिक विकास की सबसे मजबूत नींव है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों या मौसम की कठिनाइयों के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते हैं।"विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से शीत ऋतु में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ती है और शिक्षा के प्रति उनका रुझान और मजबूत होता है। हिंडालको - महान शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका विकास जैसे क्षेत्रों में निरंतर सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सिंगरौली क्षेत्र में समावेशी और सतत विकास की दिशा में कार्यरत है। यह कार्यक्रम उसी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का एक सकारात्मक उदाहरण बना।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक संपन्न




**रीवा ।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मऊगंज एवं रीवा जिले अन्तर्गत शासकीय भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत अंतरण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा नियम और शर्तों को पूर्ण करने वाली भूमियों के अंतरण का अनुमोदन किया गया। बैठक में रीवा जिले के तहसील हुजूर की भूमि को पीएचई व नगरीय प्रशासन के साथ ही तहसील जवा अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में प्रस्तुत भूमियों में पानी की टंकी के निर्माण के लिए पीएचई विभाग द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का अंतरण किया गया। इसी क्रम में तहसील जवा अंतर्गत सितलहा की भूमि को स्कूल शिक्षा विभाग, हरदोली की भूमि को स्वास्थ्य विभाग को अंतरित किए जाने का अनुमोदन किया गया। इस दौरान नगर परिषद सिरमौर अन्तर्गत भूमि में शॉपिंग काम्पलेक्स व हॉकर्स कार्नर, तहसील सेमरिया के ग्राम पुरवा में रिसॉर्ट निर्माण हेतु पर्यटन विभाग को एवं डभौरा अन्तर्गत पनवार कला में रमशाला नदी के पुनर्जीवीकरण कार्य का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मनगवां महाविद्यालय में ऑडिट के बीच अनियमितताओं को लेकर बढ़ी हलचल, शिकायत की तैयारी

**रीवा** जिले के मनगवां स्थित शासकीय महाविद्यालय मनगवां इन दिनों ऑडिट प्रक्रिया के चलते चर्चा में है। जानकारी के अनुसार, पीएम श्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में ग्वालियर से आए पर्यवेक्षकों की टीम द्वारा क्षेत्र के महाविद्यालयों के वित्तीय एवं प्रशासनिक अभिलेखों का परीक्षण किया जा रहा है।इसी बीच कुछ स्थानीय शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि महाविद्यालय में पूर्व प्रभारी प्राचार्य के कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताएं हुई थीं, जिनसे जुड़े मामलों को लेकर अब दस्तावेजों को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि वर्तमान प्राचार्य द्वारा ऑडिट के दौरान किसी प्रकार की प्रशासनिक जटिलता से बचने के लिए अभिलेखों को दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में महाविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। शिकायतकर्ता पक्ष ने बताया कि वे शीघ्र ही ऑडिट टीम से मिलकर कथित अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे।ऑडिट रिपोर्ट के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।

# जिले में मनरेगा के तहत 12वीं के नाबालिग छात्र को मजदूर बनाकर निकली जा रही थी राशि

रीवा

जिले के त्योंथर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया से भृष्टाचार का एक अजीब ही मामला सामने आया हैं। आरोप है की सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मनरेगा के तहत 12वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र के नाम से शासकीय राशि का गबन किया गया है. इस संबंध में कलेक्टर रीवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा तथा अधीक्षक लोकायुक्त रीवा से शिकायत की गई है, इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत सीईओ ने जांच भी की जिसमे प्रमाणित होना पाया गया की सम्बंधित लोगो के द्वारा राशि का अहरण किया गया है. लेकिन सम्बन्धियों के खिलाफ अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पूरे मामले की शिकायत त्योंथर निवासी समाजसेवी ललित मिश्रा के द्वारा की गई है शिकायत के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर ने जांच कर कार्रवाई के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखा है शिकायतकर्ता ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हें पद से पृथक करने की मांग की है। शिकायत में उल्लेख है कि नाबालिग उत्कर्ष मिश्र के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर ग्राम पंचायत अमिलिया के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक द्वारा शासकीय योजनाओं की राशि का अवैध एवं




अनाधिकृत आहरण किया गया. इस मामले की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर द्वारा की गई, जिसमें यह तथ्य निर्विवाद रूप से सिद्ध हुआ कि दस्तावेज कूटरचित हैं और राशि का दुरुपयोग किया गया है शिकायतकर्ता के मुताबिक छात्र के नाम से 2000 की राशि मनरेगा के तहत आहरण कर ली गई, प्रशासन अगर मामले पर गंभीरता से जांच करें तो ऐसे ही और लोगो के नाम सामने आ सकते है जिनके नाम से मास्टर रोल के तहत मनरेगा योजना से राशि का गबन किया गया है। बताया गया की जांच के दौरान आर्यावर्त विद्यालय चाकघाट बघेड़ी तहसील त्योंथर से प्राप्त अभिलेखों में यह प्रमाणित पाया गया कि उत्कर्ष मिश्र कक्षा 12वीं का नियमित छात्र है. विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार उसकी नियमित उपस्थिति दर्ज है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित अवधि में वह किसी भी प्रकार से पंचायत कार्यों में संलग्न नहीं हो सकता था. इसके बावजूद उसके नाम से मनरेगा के तहत किए गए भुगतान को दर्शाया गया, जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत अमिलिया के सरपंच वेद प्रकाश मिश्रा, सचिव राजेन्द्र प्रसाद तिवारी तथा रोजगार सहायक सुनील गौतम की सक्रिय संलिप्तता और आपराधिक मिलीभगत पाई गई है। शिकायतकर्ता ललित मिश्रा का आरोप है कि इससे पूर्व भी इन्हीं पदाधिकारियों द्वारा लगभग 13 लाख रुपये के व्यापक भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि सरपंच वेद प्रकाश मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के रायपुर सोनौरी मंडल के मंडल अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं, जिसके कारण राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई लंबित रखी गई है। शिकायतकर्ता समाजसेवी का कहना है की कानूनी दृष्टि से यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), 420 (धोखाधड़ी), 409



(लोकसेवक द्वारा आपराधिक न्यास भंग), 193 (मिथ्या साक्ष्य), 467, 468, 471 (कूटरचना एवं कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(1)(क) एवं 13(2) के अंतर्गत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। शिकायतकर्ता ललित मिश्रा शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे उनका कहना है जांच प्रतिवेदन मे आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद भी कार्रवाई लंबित रखी गई इस पूरे प्रकरण की शिकायत शिकायतकर्ता के द्वारा कलेक्टर, जिला पंचायत सीएओ, और लोकायुक्त से की गई. समाज सेवी ललित मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि दिनांक 12 जनवरी 2026 को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोषी पाए गए सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के विरुद्ध त्वरित एफआईआर दर्ज की जाए. साथ ही अवैध रूप से आहरित शासकीय राशि की वसूली कर दोषियों को पद से पृथक किया जाए तथा पंचायत खाते पर तत्काल रोक लगाई जाए।




## तेज रफ्तार ट्रक से टकराई बाइक, महिला की मौत; पति व दो बेटियां गंभीर घायल

रीवा

जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्छेरा मोड़ पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक से सामने से टकराई बाइक में सवार महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति और दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमिला पटेल (निवासी ग्राम बरौं, थाना सेमरिया अपने पति भरत पटेल और दो बेटियों के साथ बाइक से रीवा से अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही उनका परिवार सगरा थाना क्षेत्र के बक्छेरा मोड़ के पास पहुंचा, उसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार चारों लोग उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने प्रमिला पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पति भरत पटेल की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि दोनों बेटियों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के संबंध में सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि ट्रक द्वारा बाइक को टक्कर मारे जाने से यह हादसा हुआ है, जिसमें एक महिला की मृत्यु हुई है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल एक माह से लापता, चिंतित कांग्रेस नेताओं ने आईजी को सौंपा ज्ञापन गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराने की मांग

**रीवा ।** मऊगंज विधानसभा से बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल की पिछले एक महीने से अनुपस्थिति ने जिले की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है,उनकी गैरमौजूदगी और मोबाइल बंद होने के बाद विपक्ष के नेता व कार्यकर्ता चिंतित है और उन्होंने सवाल उठाए थे, इस बीच शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू रीवा आईजी गौरव सिंह राजपूत के पास पहुंचे और उन्होंने आईजी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा,उन्होंने मांग की है कि विधायक प्रदीप पटेल की गुमशुदगी की एफआईआर थाने में दर्ज की जाए और विधायक प्रदीप पटेल को पुलिस तत्काल छानबीन करें,इतना ही नहीं ज्ञापन में ये भी कहा कि विधायक के पीएसओ से तत्काल पूछताछ की जाए कि विधायक कहां है? प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने ज्ञापन में कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है. प्रदेश के



मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास गृह विभाग है और रीवा के विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं, इनको अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और जब एक विधायक की रक्षा नहीं कर पाए तो आम आदमी की रक्षा क्या करेंगे? इसलिए इनको तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।कांग्रेसी जब आईजी गौरव सिंह राजपूत के कार्यालय पहुंचे तो आईजी कार्यालय में नहीं थे,जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वो वापस लौट गए। बता दें कि विधायक प्रदीप पटेल 3 जनवरी को हाईवे किनारे दो कांग्रेस नेताओं की जमीन पर पहुंचे थे, जहां वो विवादों में घिर गए थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद के दौरान लोगों ने विधायक को वहां से खदेड़ दिया था, स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विधायक को सुरक्षित थाने पहुंचाया. इस घटना के बाद से ही विधायक क्षेत्र से अनुपस्थित हैं।

## तहसील मार्ग की पुलिया हुई ध्वस्त आव गवन हुआ बाधित नगर परिषद के भ्रष्टाचार का खुला पोल

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के अंतर्गत नगर परिषद मंनगवा में हुए सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का ठेकेदार द्वारा प्रयोग किए जाने के कारण भ्रष्टाचार की पोल उसे समय खुल गई जब कुछ दिन पूर्व निर्मित हुआ सड़क एवं पुलिया ध्वस्त हो गया है पुलिया ध्वस्त हो जाने के कारण आवागमन बाधित है लोगों को तहसील आने-जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लाखों लाख रुपए की लागत से नगर परिषद के द्वारा निर्मित कराया गया सड़क एवं पुलिया ध्वस्त हो जाने के कारण भ्रष्टाचार का पोल खुल गया है तहसील मार्ग का पुलिया ध्वस्त हुए एक महीने गुजर रहा है किंतु नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ एवं सब इंजीनियर कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं आने-जाने में नागरिकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है एक महीने बीत जाने के बावजूद भी लापरवाह एवं उदासीन प्रभारी सीएमओ जो स्थगन आदेश के बैसाखी पर नौकरी कर रहे हैं उनकी लापरवाही निकलकर सामने आई है जबकि ध्वस्त हुई पलिया एवं मार्ग नगर परिषद के बगल से ही तहसील होते हुए नेशनल हाईवे में जुड़ी हुई है बरहाल भ्रष्टाचार की बली चढ़ी पुलिया पोल खोल दी है किंतु नगरी क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी सड़क नाली एवं अन्य कार्यों का निर्माण हुआ



है भ्रष्टाचार की बूआ रही है इस मार्ग से एसडीएम तहसील दर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी तहसील का आवागमन होता है किंतु एसडीएम तहसीलदार को हस्तक्षेप करना चाहिए उनके द्वारा मामले को संज्ञान में न लेने के कारण ध्वस्त हुई पलिया का काम अभी तक नहीं शुरू हो सका है बरहाल पेट्रोल पंप से इलाहाबाद से जुड़ी हुई सड़क की ध्वस्त हुई पलिया आवागवन पूर्ण रूपेण से बाधित है जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है इस मार्ग से लगे हुए कई विभाग का संचालन होता है जिसमें अस्पताल महाविद्यालय आईटीआई कृषि उपज मंडी तहसील व्यवहार न्यायालय स्थापित है इतनी शहर के अंदर के महत्वपूर्ण सड़क की पुलिया ध्वस्त हुए एक माह से अधिक गुजर गया लेकिन जिम्मेदार प्रभारी सीएमओ और सब इंजीनियर के कान में जूतक नहीं रेगा रहा है प्रभारी सीएमओ हेमंत त्रिपाठी की उदासीनता लापरवाही आप भ्रष्टाचार का कहानी कही छिपीनहीं है आम ग्रामीणेअधिवक्ता अन्य जनों को पुलिया ध्वस्त हो जाने के कारण भारी दिक्कत हो रही है कमिश्नर कलेक्टर एसडीएम एवं तहसीलदार से अधिवक्ताओं एवं सामूहिक तौर पर ग्रामीणजन ने लापरवाह एवं दोषी प्रभारी सीएमओ हेमंत त्रिपाठी एवं सब इंजीनियर के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए शीघ्र पुलिया निर्माण की मांग की है

## कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न बैठक में अनुपस्थित उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में रीवा नगर निगम एवं जिला अन्तर्गत समस्त नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों तथा योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में पूर्व से स्वीकृत विभिन्न मदों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से गुणवत्ता सहित पूर्ण कराएं तथा नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों में तत्काल कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पूर्व के स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास शहरी कार्यों को पूर्ण कराएं। जिन हितग्राहियों को योजनान्तर्गत राशि प्रदाय की जा चुकी है उनसे कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री 2.0 अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को गति देने के निर्देश दिए तथा कहा कि जिन हितग्राहियों के कार्य की किश्तें दी जा रही हैं उन्हें तथा पूर्ण कार्यों को पोर्टल में सूचीबद्ध करें। साथ ही जिन हितग्राहियों के आवेदन पत्र अस्वीकृत



हुए हैं उनकी समस्त जानकारी भी दर्ज करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि नगरीय निकायों के आय का मुख्य स्त्रोत विभिन्न करों से प्राप्त होता है। इसलिए अभियान चलाकर संपत्ति कर की वसूली चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व अनिवार्यतः करें। साथ ही उपभोक्तओं से जल कर की राशि की वसूली की जाए। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना, गीता भवन निर्माण, स्वच्छ पेयजल वितरण, नगरीय निकायों में अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई दुरूस्त रखने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय निर्माण सहित अन्य योजनाओं की निकायवार समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे तथा नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को तत्काल वेरीफाई करें : कलेक्टर

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को तत्काल वेरीफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने डीन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा मेडिकल कालेज, प्राचार्य इंजीनियरिंग कालेज, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन कालेज, आयुर्वेद महाविद्यालय, आईटीआई तथा अन्य महाविद्यालयों को छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को अविलंब वेरीफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि महाविद्यालयों में वर्ष 2024-25 के अनुसूचित जनजाति के 465 एवं जनजाति वर्ग के 130 छात्रों के छात्रवृत्ति के आवेदन वेरीफाई न होने के कारण भुगतान के लिए लंबित हैं। जिसके कारण सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में शिकायतें की जा रही हैं और इससे विभाग एवं जिले की ग्रेडिंग भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में नोडल प्राचार्यों को पूर्व में निर्देशित किया गया था, लेकिन प्राचार्यों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में भी महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति के भुगतान न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित किया है कि छात्रवृत्ति और आवास सहायता के आवेदनों का शत-प्रतिशत वेरीफाई करना सुनिश्चित करें। प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित नोडल व प्राचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### अधिवक्ताओं और अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

**रीवा ।** मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के वर्ष 2026 के अनुमोदित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार अकादमी सिविल जज, जूनियर डिवीजन (प्रवेश स्तर) की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य श्रेणियों के अधिवक्ताओं और अभ्यर्थियों के लिए ₹क्षमता निर्माण कार्यक्रम₹ मध्य जनवरी से प्रारंभ है। यह कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार अवकाश दिवसों को छोड़कर ऑनलाइन मोड में संचालित किया जा रहा है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से कहा है कि वे गूगल लिंक https://forms.gle/U29G7AzzPHyAPSH68 अथवा एमपीएसजेए के वेबपेज में जाकर और पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं।

## नईगढ़ी में धान खरीदी में बड़े घोटाले का आरोप

# 3000 क्विंटल असली धान गायब

### 70 लाख की हेराफेरी, यूपी से सड़ी-गली धान लाकर भरपाई की कोशिश

**मऊगंज:** जिले की जनपद पंचायत नईगढ़ी अंतर्गत बन्नई धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य मे धान उपार्जन की सीमा समाप्त होने के पश्चात बड़े घोटाले का आरोप लगा है। कलेक्टर को आवेदन देकर आरोप लगाए गए है कि उपार्जन केंद्र से लगभग 3000 क्विंटल उच्च गुणवत्ता की धान गायब कर दी गई, जिसकी कीमत करीब 70 लाख रुपए आंकी जा रही है।सूत्रों के अनुसार, किसानों से खरीदी गई उत्तम क्वालिटी की धान को केंद्र प्रबंधन द्वारा निजी व्यापारियों को ऊंचे दामों पर बेच दिया गया। बाद में रिकॉर्ड की भरपाई के लिए उत्तर प्रदेश से सड़ी-गली, खखरे वाली और मिट्टी मिली धान मंगाई जा रही है।बताया जा रहा है कि खराब धान से भरे ट्रक रात के अंधेरे में केंद्र पर पहुंचते हैं और ट्रक चिट के सहारे इन्हें वेयरहाउस में जमा कराया जा रहा है। इससे वेयरहाउस प्रबंधन की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। नियमों के अनुसार खराब गुणवत्ता की धान स्वीकार नहीं की जा सकती।



### जांच के नाम पर खानापूर्ति

मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने पर जांच अधिकारी को मौके पर भेजा गया, लेकिन मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर अधिकारी कैमरे से बचते नजर आए। उन्होंने साफ कहा कि "कलेक्टर से बात कीजिए, मैं कुछ नहीं बोलूंगा।" अधिकारी का यह रवैया जांच को लेकर संदेह पैदा कर रहा है।

### आंकड़ों में भी बड़ा अंतर

रिकॉर्ड के मुताबिक, बन्नई उपार्जन केंद्र पर कुल 38,935 क्विंटल धान खरीदी दर्ज है, जिसमें 1,256 क्विंटल रिजेक्ट दिखाई गई है। लेकिन वास्तविकता में करीब 3000 क्विंटल धान का कोई हिसाब नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी इस केंद्र को लेकर शिकायतें की गई थीं, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं हुई। किसानों की मेहनत की धान से जुड़ा यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सडीएम ने दौड़कर बचाई जान

# जनसुनवाई में महिला ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की

मऊगंज

जिले के हर्राहा ग्राम पंचायत में चल रहे उत्खनन को लेकर लगातार ग्रामीणों की शिकायत के बाद आज तीन खदानों के लीज स्वीकृति को लेकर प्रशासन ने लोक जनसुनवाई का शिविर लगायाजिसमें चल रही खदानों को ग्रामीणों का खुला विरोध देखने को मिला ,चल रहे जनसुनवाई के दौरान अचानक एक महिला ने अपने आठ बच्चों के साथ डीजल डालकर आत्मदाह का भी प्रयास किया लेकिन एडीएम और वहां पर उपस्थित कर्मचारियों ने आग लगाने की कोशिश कर रही महिला को दौड़ कर रोक लिया अन्यथा बड़ी अनहोनी होते होते टल गई जिसके बाद पीड़ित महिला को ऐसा कदम ना उठाने को समझाते हुए न्याय का आश्वासन दिया हैक्या था पूरा मामलादरअसल ललिता मौर्य पति उदय राज निवासी हर्राहा के पति की दो वर्ष पहले निधन हो गया तब से महिला अपने आठ बच्चों के साथ रहकर अपना जीवन यापन कर रही थी,उक्त आराजी 8/13 रकवा 01 हैक्टेयर की भूमि का 2017 में पति उदय राज से उपेंद्र सिंह ने 10 वर्षों



का 18 लाख रुपए लेनदेन करते हुए अनुबंध कराया था,जिसमें 12 लाख देने के बाद बकाया 4 लाख की शेष राशि बची हुई थी,पति के मौत के बाद महिला वर्तमान मूल्यांकन की राशि की मांग रही थी चूंकि उक्त भूमि पति के मृत्यु के बाद राजस्व भू अभिलेख में महिला ललिता मौर्य के नाम स्थानांतरित कर दी गई जिसमें वर्तमान में ललिता मौर्य के नाम पर निजी स्वामित्व दिख रहा हैअनुबंधकर्ता का कहना हैवहीं इस पूरे मामले को लेकर लीजधारक का कहना है कि उक्त भूमि का अनुबंध हमने 2017 ने महिला के पति से 10 वर्षों का कराया था जिसमें 18 लाख की पूरी राशि में से शेष 4 लाख के राशि बची हुई है जिसे हम देने के लिए तैयार भी है लेकिन महिला लेने से इनकार कर रही है,उसकी मांग है कि हमें आज के मूल्यांकन के हिसाब से 25 लाख रुपए प्रति एकड़ की राशि चाहिए,जिस भूमि का अनुबंध हमने 9 वर्ष पहले उस समय के शासकीय दर से आपसी सामंजस्य के बाद अनुबंध किया था आज के दर से कैसे कर सकते है ,हालांकि ये अनुबंध महिला के पति से हुआ था जिसका अब निधन हो चुका हैवही शिविर में उपस्थित एडीएम पीके पांडे ,PUC विभाग से संजीव मेहरा ,सुनीत राजपूत माइनिंग प्रभारी मऊगंज सहित पुलिसकर्मी के साथ भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे,हालांकि एडीएम ने पूर्ण आश्वासन दिया है कि पीड़ित महिला की समस्याओं को प्राथमिकता से विधिसंगत और न्यायोचित निराकरण किया जाएगा

**नाम सुधार सूचना**

मैं भव्या चाँदवानी पति श्री प्रकाश चाँदवानी निवासी 24/653 विद्या शांति परिसर सरस्वती स्कूल के सामने धोबिया टंकी जेल रोड तह. हुजूर जिला रीवा मध्य प्रदेश की हूं। मेरे स्कूल के दस्तावेज में मेरा नाम HARSHA MOHNANI D/O PRADEEP MOHNANI लिखा हुआ है एवं विवाह के बाद मेरा नाम भव्या चाँदवानी पति श्री प्रकाश चाँदवानी लिखा हुआ उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। मेरे आधार कार्ड एवं विवाह के बाद अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम भव्या चाँदवानी पति श्री प्रकाश चाँदवानी जो सही एवं सत्य है जो मेरे नए दस्तावेजों में लिखा जाए पढ़ा जाए एवं माना जाए।

**भव्या चाँदवानी**
**पति श्री प्रकाश चाँदवानी**